BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 27 मार्च, 2024 **थाना जहांगीराबाद**

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ 01 शातिर बदमाश गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा मे अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण आदि बरामद।

जनपद में अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 27.03.2024 को थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ग्राम अमरगढ़ रोसला जाने वाले रास्ते पर स्थित जरैला बाबा मन्दिर के पास स्थित बाग में बने ट्यूबवैल के कमरे के पीछे से 01 अभियुक्त को भारी मात्रा मे अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 143/2024 धारा 3/5/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. लोकेश पुत्र रोहताश निवासी ग्राम बांसुरी थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 04 तमंचे 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस
2- 03 तमंचे 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस
3- 02 अधबने तमंचे
4- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण-** 01 हथौडी छोटी, 01 बैटा, 02 रेती, 01 हाथ से घुमाने का बर्मा, बर्मा की 03 तिल्लिया, 01 पेचकस, 01 पिलास, 01 इन्चटेप, 01 गुनिया लोहा, 01 सफेद रंग का प्लास्टिक का डिब्बा जिसमें पैन्च भरे है, 01 लकडी छिलने का रन्दा, 01 ग्राईन्डर मय ब्लैड, 04 ग्राईन्डर के ब्लैड, 01 लकडी के तख्ते में जड़ा हुआ बांक, 01 लोहा काटने की आरी, 01 लकडी काटने की आरी, 01 आग सिलगाने का इलेक्ट्रिक फैन, 03 लोहा काटने की आरी के ब्लैड, 02 मुडे हुए तांबे के तार, 01 आरे के ब्लैड का कटा हुआ टुकडा, 03 स्टील की रोड, 01 टार्च, 01 बिजली का बोर्ड जिसमें 15 मीटर लाल व काले रंग का तार लगा हुआ है, 04 गट्टू लकडी के, 1.5 किलो बिना जला कोयला, 12 बोर नाल के तीन टुकडे, 04 नाल खराद हुई 315 बोर, 02 स्प्रिंग, बट बनाने वाली पत्ती के 02 टुकडे।

गिरफ्तार अभियुक्त लोकेश का आपराधिक इतिहास –

1. मुअसं- 129/06 धारा 147/323/427/504/506 भादवि थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 100/09 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 147/17 धारा 392/394/365/34/411/120बी भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअसं- 1010/17 धारा 147/148/149/307/411 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 1012/17 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं- 219/22 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर।
7. मुअसं- 92/23 धारा 452/504/506 भादवि थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।
8. मुअसं- 162/23 धारा 302/120बी भादवि व 3/25 शस्त्र अधि0 थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर।
9. मुअसं- 143/2024 धारा 3/5/25 शस्त्र अधि0 थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि चुनाव के कारण तमंचो की काभी मांग आ रही है जिस कारण आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से उसके द्वारा तमंचे तैयार किये जा रहे थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. श्री रमाकांत पचौरी प्रभारी निरीक्षक थाना जहांगीराबाद
2. उ0नि0 परवेज चौधरी, उ0नि0 शिवम कुमार
3. है0का0 प्रदीप कुमार, का0 सुखविन्द्र सिंह

मीडिया सेल बुलंदशहर